Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- सीएमएचओ प्रतापगढ एंव कार्यालय के संविदा कर्मी द्वारा निजी चिकित्सालय के संचालक से अस्पताल संचालन व. सोनोग्राफी, **MAA** आयुष्मान योजना के **MOU** के लिये 2,75,000/– रूपये की रिश्वत मांगने पर एसीबी मे प्रकरण दर्ज।

जयपुर, दिनांक 31 अगस्त, 2026। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी प्रतापगढ इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुए श्री जीवराज मीणा, मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ अधिकारी प्रतापगढ एंव कार्यालय के संविदा कर्मी द्वारा निजी चिकित्सालय के संचालक से अस्पताल संचालन व. सोनोग्राफी, MAA आयुष्मान योजना के MOU के लिये 2,75,000/– रूपये की रिश्वत मांगने पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण सख्या 246/2026 दिनांक 31.01.2026 धारा 7,7ए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) व धारा 61 (2) बी.एन.एस 2023 के अन्तर्गत प्रकरण पंजीबंद्ध किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कि ए.सी. बी. की चौकी प्रतापगढ़ पर दिनांक 03.01.2026 को एक शिकायत मिली कि जीवराज मीणा मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ अधिकारी प्रतापगढ व महेश पाटीदार संविदाकर्मी कार्यालय चिकित्सा एंव स्वास्थ अधिकारी प्रतापगढ के विरूद्ध परिवादी द्वारा निजी चिकित्सालय एस.एस. हॉस्पीटल प्रतापगढ व धरियावद के हॉस्पीटल के संचालन, सोनोग्राफी, MAA आयुष्मान योजना के MOU पर हस्ताक्षर करने हेतु एवं मासिक बंदी के एवज मे रिश्वत राशी 2,75,000/– रूपये कि मांग की जा रही है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक–प्रथम डॉ. रामेश्वर सिह** के सुपरविजन में एस.सी.बी. प्रतापगढ के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह** के नेतृत्व मे रिश्वत राशी मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया गया। सत्यापन के दौरान जीवराज मीणा, मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ अधिकारी प्रतापगढ व महेश पाटीदार संविदाकर्मी कार्यालय चिकित्सा एंव स्वास्थ अधिकारी प्रतापगढ के विरूद्ध परिवादी से हॉस्पीटल के संचालन, सोनोग्राफी, MAA आयुष्मान योजना के MOU पर हस्ताक्षर करने एवं मासिक बंदी के एवज मे रिश्वत राशी मांग किया जाना पाया गया। इसी बीच ए.सी.बी. मे रिपोर्ट दिये जाने से पुर्व आरोपी द्वारा परिवादी से पुर्व की घटनाओं को लेकर अनुचित लाभ प्राप्त करने बाबत् खबर समाचार पत्रों में प्रकाशित हो जाने से आरोपी के सतर्क हो जाने से अग्रिम कार्यवाही नही हो सकी।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में अग्रिम अनुसंधान एंव अन्य वैधानिक कार्यवाही जारी।